राजस्थान पत्रिका

Date: 17 February 2010
Edition: Ahmedabad
Page: 12

# आई.पी.एल. के मैच अब सिनेमाघरों में

**गुजरात के करीब 75 जगहों पर दिखेंगे**

**देश भर के एक हजार सिनेमाघरों में होगा प्रसारण**

अहमदाबाद, 16 फरवरी (का.सं.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आई.पी.एल.) के तीसरे संस्करण के क्रिकेट मैचों को अब सिनेमाघरों में भी देखा जा सकेगा। भारतीय खेल के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब दर्शक सिनेमाघरों में लाइव मैचों का मजा ले सकेंगे।

12 मार्च से शुरू हो रहे आई.पी.एल. मैच गुजरात के साथ-साथ देश भर के विभिन्न सिनेमाघरों में दिखाए जाएंगे। दर्शकों को इसके लिए फिल्म देखने की तरह ही टिकटें खरीदनी होंगी। क्रिकेट प्रेमी दर्शकों के लिए सबसे बढ़िया बात यह है कि मैच के दौरान विज्ञापन जैसा कोई खलल नहीं होगा। यूएफओ मूवीज इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) पंकज जयसिंह ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश भर में 1000 सिनेमाघरों में यह मैच दिखाए जाएंगे।

इनमें गुजरात के करीब 80 मल्टीप्लेक्स व थिएटर शामिल हैं। राज्य में अहमदाबाद के सिनेमैक्स, वाइड एंगल, सिटी पल्स, फन रिपब्लिक जैसे मल्टीप्लेक्स के अलावा रूपम व गीता जैसे सिंगल थिएटर शामिल हैं। अहमदाबाद के अलावा यह मैच गांधीनगर, सूरत, राजकोट, बडोदरा, आणंद, भावनगर, मेहसाणा, अंकलेश्वर, बोटाद, वेरावल, विसनगर, व्यारा, मोडासा, कडी, कलोल, पेटलाद शामिल हैं।

जयसिंह के अनुसार आई.पी.एल. मैचों के दौरान सिनेमाघरों में काफी कम उपस्थिति देखी जाती है इसलिए इस दौरान मैचों को दिखाए जाने का फैसला किया गया। यूएफओ मूविज ने क्राउन इन्फोटेनमेंट के साथ अनुबंध के तहत मैचों को सिनेमाघरों में दिखाए जाने के वितरण अधिकार प्राप्त किए हैं। ये मैच हाई डेफिनिशन डिजीटल फोर्मेट में दिखाए जाएंगे जो टेलीविजन के मुकाबले भव्य व ज्यादा रोमांचक दिखेगा।